Title: Need to improve telephone services in Banaskantha Parliamentary constituency, Gujarat - Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में जो टेलीफोन लगाए हैं उसमें अधिकतर खऱाब रहते हैं और खराब होने की स्थिति में वह महीनों तक ठीक नहीं हो पाते हैं। इस संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से पता लगाया जाता है तो वे बताते हैं कि पावर काफी कम है, जिसके कारण टेलीफोन खराब रहते हैं। चाहे जो भी समस्या हो, टेलीफोन सेवा सुचारू और समुचित रूप से मिलनी चाहिए। यह दूरसंचार विभाग की जिम्मेदारी है। साथ ही गुजरात के बहुत से भाग में मोबाइल सेवा अभी तक शुरू नहीं की है, जिसे तत्काल शुरू किया जाना चाहिए।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में टेलीफोन का रखरखाव ठीक प्रकार से किया जाए और मोबाइल सेवा तुरंत शुरू की जाए।